वर्ष - 34 अंक - 14 (साप्ताहिक, प्रत्येक गुरुवार) इन्दौर, 15 मई 2025 से 21 मई 2025 मूल्य 1 रुपये पृष्ठ 4

आर.एन.आई. रजि. नं. 52089
Email - sonekikalam@gmail.com

# सोने की कलम

प्रधान सम्पादक - चेतन गन्धे , 9893157809
www.sonekikalamnews.com

## आतंकियों को ड्रोन से खोजकर मारने का विडियो वायरल

# त्राल में तीन आतंकियों को मार गिराया

◆नईदिल्ली, सोने की कलम।
**श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के त्राल में गुरुवार को सुरक्षाबलों ने 3 आतंकियों को मार गिराया। तीनों आतंकी एक मकान में छिपे थे। सुरक्षाबलों ने इन्हें ड्रोन की मदद से ढूंढ निकाला और एनकाउंटर कर दिया।**

मारे गए आतंकियों में एक टॉप कमांडर आसिफ शेख था। इसके अलावा सुरक्षाबलों ने आमिर नजीर वानी और यावर अहमद भट को भी मार गिराया।



इस बीच, त्राल में मारे गए एक आतंकी आमिर नजीर वानी का आखिरी वीडियो सामने आया है। इसमें वह अपनी मां से बात कर रहा है। मां ने कश्मीरी में आमिर से कहा- बेटा, सरेंडर कर दो। जम्मू-कश्मीर में पिछले तीन दिनों में यह दूसरा एनकाउंटर है। इससे पहले शोपियां जिले के केलर में 13 मई को सुरक्षाबलों के साथ एनकाउंटर में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादी मारे गए थे। बुधवार को केलर से ही भारी मात्रा में हथियारों का जखीरा बरामद हुआ।

### विश्व बैंक की मदद से संचालित परियोजनाएं समय से पूरी हों - एमडी श्री भोंडवे

भोपाल। विश्व बैंक के प्रतिनिधियों ने नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम, मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के आयुक्त सह प्रबंध संचालक श्री संकेत भोंडवे से भोपाल के पालिका भवन में सौजन्य भेंट की। भेंट के दौरान श्री भोंडवे ने प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि विश्व बैंक की सहायता से संचालित परियोजनाएं उत्कृष्ट गुणवत्ता के साथ क्रियान्वित की गई हैं और शेष निर्माण कार्य भी तीव्र गति से पूर्ण किए जा रहे हैं। उन्होंने प्रदेश में संचालित योजनाओं को निश्चित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये।

## प्रदेश के हर गांव में उपलब्ध कराएंगे सिंचाई की सुविधा - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

◆भोपाल, सोने की कलम।
**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ये मध्यप्रदेश के विकास का दौर है। विकास के प्रकाश से प्रदेश का कोई कोना वंचित नहीं रहेगा। विकास के कामों में धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।**



प्रदेश में जल संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों के साथ-साथ सिंचाई सुविधाओं का विकास भी हमारी सरकार कर रही है। प्रदेश के हर गांव में हमारी सरकार सिंचाई की स्थाई सुविधा उपलब्ध कराएगी। नदी जोड़ो अभियान में हम इसी दिशा में बढ़ रहे हैं। दो बड़ी नदी जोड़ो परियोजनाओं पर काम प्रारंभ हो चुका है। तीसरी नदी जोड़ो परियोजना के लिए हम महाराष्ट्र सरकार के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को रीवा जिले की सिरमौर विधानसभा क्षेत्र के दिव्यगवां में विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमि-पूजन तथा जल गंगा संवर्धन अभियान में जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिव्यगवां में शासकीय बिरसा मुंडा महाविद्यालय (लागत करीब 6 करोड़ रुपये) सहित कुल 50.73 करोड़ रुपये की लागत वाले 5 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 2 कार्यों का भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान में रीवा जिले में करीब 7 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित 501 नए खेत तालाबों का लोकार्पण भी किया।

नेशनल लोक अदालत

### 14 हजार से अधिक बिजली प्रकरणों में दी गयी 4 करोड़ की छूट

भोपाल। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि गत दिनों आयोजित नेशनल लोक अदालत में बिजली से संबंधित 14 हजार 864 प्रकरणों का आपसी समझौते से निराकरण कर 4 करोड़ रुपये से अधिक की छूट दी गयी है।

### अनुकंपा नियुक्ति के लिये मानक संचालन प्रक्रिया निर्धारित

भोपाल। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अपने कार्य क्षेत्र में कार्यरत कार्मिकों की मृत्यु उपरांत उनके आश्रित सदस्य को दी जाने वाली अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई करने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया निर्धारित कर दी है। कंपनी ने कहा है कि उक्त कार्य में विलंब न हों इसके लिए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में कार्रवाई करने के लिये निर्देशित किया गया है। अनुकंपा नियुक्ति के लिये मानक संचालन प्रक्रिया को कंपनी की वेबसाइट portal.mpcz.in पर भी देखा जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए कंपनी के वृत्त तथा क्षेत्रीय कार्यालय से भी संपर्क किया जा सकता है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पाकिस्तान हिरासत से बीएसएफ के जवान की वापसी पर प्रसन्नता व्यक्त की

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भूलवश सीमा पार कर पाकिस्तान पहुंचे बीएसएफ कांस्टेबल पूर्णम कुमार शॉ के सकुशल भारत लौट आने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। 23 अप्रैल को सीमा पार पहुंचे बीएसएफ कांस्टेबल पाक हिरासत में थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की बढ़ रही कूटनीतिक शक्ति से दुश्मन देश सहित सम्पूर्ण विश्व परिचित है। यही हमारा सशक्त नया भारत है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस घटना के पहले पाकिस्तान को भारतीय वायु सेना के पायलट विंग कमांडर श्री अभिनंदन वर्धमान को भी छोड़ना पड़ा था।

## जयशंकर ने दे दिया ट्रंप को जवाब, कहा-

# नुकसान नहीं सहेंगे... एक देश को फायदा और दूसरे को घाटा नहीं चलेगा

◆नईदिल्ली, सोने की कलम।
**नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत ने अमेरिका को जीरो टैरिफ पर ट्रेड डील का प्रस्ताव दिया है। इस पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को जवाब दिया। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार पर बातचीत अभी चल रही है। अभी तक कोई अंतिम समझौता नहीं हुआ है। जयशंकर ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि इस डील के बारे में अभी से कोई राय बनाना ठीक नहीं है।**



विदेश मंत्री ने कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार को लेकर बातचीत चल रही है। टीम इस पर काम कर रही है। ये बातचीत थोड़ी मुश्किल है। जब तक सब कुछ तय नहीं हो जाता, तब तक कुछ भी तय नहीं है। कोई भी ट्रेड डील दोनों देशों के लिए फायदेमंद होनी चाहिए। ऐसा नहीं हो सकता कि व्यापार से एक देश को फायदा हो और दूसरे को नुकसान। उन्होंने कहा, हम यही उम्मीद करते हैं। जब तक ऐसा नहीं होता, तब तक इस पर कोई भी राय देना जल्दबाजी होगी। जयशंकर ये बात राष्ट्रपति ट्रंप के उस बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत ने अमेरिका को एक बड़ा ऑफर दिया है। ट्रंप उस समय दोहा में थे, जो उनके तीन देशों के पश्चिम एशिया दौरे का दूसरा पड़ाव था। ट्रंप ने दोहा से कहा कि भारत ने अमेरिका को एक डील का ऑफर दिया है, जिसमें लगभग शून्य टैरिफ है। ट्रंप अभी पश्चिम एशिया के दौरे पर हैं। यह पहली बार नहीं है जब ट्रंप ने भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों पर इतनी सकारात्मक बात कही है।

# परिवहन, रियल एस्टेट, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा में बढ़ते सार्वजनिक और निजी निवेश का महत्व कार्यशाला में बताया



इंदौर। भारत में आवासीय और वाणिज्यिक बुनियादी ढाँचे में उल्लेखनीय उछाल आने की उम्मीद है, क्योंकि यह 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। परिवहन, रियल एस्टेट, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा में बढ़ते सार्वजनिक और निजी निवेश से विकास के पर्याप्त अवसर पैदा हो रहे हैं। इस गति को समर्थन देने के लिए, भारत का सबसे स्वच्छ शहर इंदौर, ग्रीन बिल्डिंग फुटप्रिंट और स्मार्ट शहरी बुनियादी ढाँचे में मध्य प्रदेश में सबसे आगे है, जो कि आईजीबीसी डेटा के अनुसार राज्य के कुल 500.4 मिलियन वर्ग फीट में से 478.3 मिलियन वर्ग फीट संधारणीय परियोजनाओं का दावा करता है। भारत में हिताची की नवीनतम जापानी तकनीक के साथ इस वृद्धि को गति देने के लिए, एयर कंडीशनिंग समाधानों के एक अग्रणी प्रदाता जॉनसन कंट्रोल्स-हिताची एयर कंडीशनिंग ने इंदौर में हिताची एक्सचेंज प्रोग्राम की मेजबानी की, जिसका उद्देश्य आर्किटेक्ट्स और एचवीएसी सलाहकारों को सशक्त बनाने के साथ ही उद्योग के प्रभावशाली लोगों के साथ मजबूत संबंधों को बढ़ावा देना था।

इस कार्यशाला ने उद्योग जगत के नेताओं के लिए ऊर्जा-कुशल शीतलन समाधान, उन्नत एचवीएसी प्रौद्योगिकियों और टिकाऊ शहरी नियोजन में एयर कंडीशनिंग की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य किया। इसने अत्याधुनिक विनिर्माण क्षमताओं, एक वैश्विक विकास केंद्र और अत्याधुनिक प्रयोगशाला बुनियादी ढाँचे को प्रदर्शित करने का अवसर भी प्रदान किया, जिससे मेक इन इंडिया पहल और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के प्रति ब्रांड की प्रतिबद्धता को बल मिला।

यह कार्यशाला कंपनी की उस देश व्यापी पहल का हिस्सा है, जिसमें उद्योग सहयोग को मजबूत करने और भारत के सतत बुनियादी ढाँचे के विकास में योगदान देने के लिए 600 से अधिक आर्किटेक्ट और सलाहकार शामिल होंगे।

फील्ड ऑपरेशन के निदेशक, वर्गीस जोसेफ ने कहा, इंदौर में हिताची एक्सचेंज ऊर्जा-कुशल कूलिंग समाधानों को आगे बढ़ाने के लिए उद्योग के नेताओं, एचवीएसी सलाहकारों और आर्किटेक्ट के बीच एक सहयोगात्मक प्रयास का प्रतिनिधित्व करता है। यह इस बात पर भी प्रकाश डालता है कि कैसे वास्तुकार और सलाहकार वाणिज्यिक और आवासीय परियोजनाओं में एचवीएसी दक्षता को बढ़ाने के लिए प्रभावी रूप से सहयोग कर सकते हैं। जॉनसन कंट्रोल्स-हिताची एयर कंडीशनिंग इंडिया लिमिटेड में, हम बेजोड़ प्रदर्शन और विश्वसनीयता प्रदान करने के लिए समर्पित हैं, जो वैश्विक मानकों को पूरा करने वाले एयर-कंडीशनिंग समाधान बनाते हैं।

जॉनसन कंट्रोल्स-हिताची एयर कंडीशनिंग इंडिया लिमिटेड जॉनसन कंट्रोल्स, यू.एस. और हिताची ग्लोबल लाइफ सॉल्यूशंस, जापान की एक संयुक्त उद्यम कंपनी है। इस संयुक्त उद्यम के माध्यम से, हमने हिताची की समृद्ध विरासत और अभिनव तकनीक को उद्योग-अग्रणी विशेषज्ञता और जॉनसन कंट्रोल्स के वैश्विक नेटवर्क के साथ जोड़ा है। इस साझेदारी का उद्देश्य पहले से कहीं अधिक तेज़ी से, स्मार्ट और अधिक कुशल तरीके से कूलिंग की जरूरतों को पूरा करना है। हमारे ग्राहक हमारे विश्व स्तरीय आर एंड डी केंद्रों से लाभान्वित होंगे, जहाँ हमारे शोधकर्ता हर अपेक्षा को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किए गए अभिनव समाधान और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद प्रदान करने के लिए अथक प्रयास करते हैं। जॉनसन कंट्रोल्स-हिताची एयर कंडीशनिंग की उपस्थिति पूरे विश्व में है। इसकी भारत में सहायक कंपनी 'जॉनसन कंट्रोल्स-हिताची एयर कंडीशनिंग इंडिया लिमिटेड' के नाम और शैली में काम करती है।

# संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के ब्लाक मेडिकल ऑफिसर को किया निलंबित

इन्दौर। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने, समय-समय पर चेतावनी दिये जाने के बावजूद भी अभद्र और अशोभनीय व्यवहार करने पर इंदौर संभाग के झाबुआ जिले के पेटलावद में पदस्थ स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी ब्लाक मेडिकल ऑफिसर डॉ. सुरेश कटारा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई कलेक्टर झाबुआ से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की गई है।

कलेक्टर झाबुआश्रीमती नेहा मीणा से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार गत फरवरी माह में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की गई थी। इस दौरान विकासखंड पेटलावद में शेष आयुष्मान कार्ड बनाये जाने की संख्या में भिन्नता होने से डॉ. सुरेश कटारा प्रभारी ब्लाक मेडिकल आफिसर पेटलावद जिला झाबुआ से इस संबंध में चर्चा करने पर उनके ?द्वारा संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया। बैठक में अभद्रता की गई, जिससे बैठक में व्यवधान उत्पन्न हुआ। डॉ. कटारा द्वारा बैठक में उक्त अभद्रता अशोभनीय व शासकीय सेवक से अपेक्षित नहीं होकर अमर्यादित था।

इसके अतिरिक्त डॉ. कटारा की कार्यप्रणाली विकासखंड पेटलावद में भी ठीक नहीं होने से पूर्व में भी कारण बताओं सूचना पत्र जारी किये गए । उनकी निरन्तर अनुत्तरदायी कार्यशैली के कारण विभागीय योजनाओं की समीक्षा करने में अनावश्यक व्यवधान बना रहा व शासन द्वारा अपेक्षित परिणाम प्राप्त होने में सफलता प्राप्ति में कठिनाई आई।

**कुछ भी असंभव नहीं है,**
**जो सोच सकते है,**
**वो कर सकते है,**
**और वो भी सोच सकते है**
**जो आज तक नहीं किया।**

## संपादकीय

# आतंकवाद पर स्पष्ट रुख

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में अत्यंत सटीक ढंग से आतंकवाद पर देश के रुख को सामने रखा। 7 मई के बाद पहली बार अपने सार्वजनिक संबोधन में मोदी ने न केवल भारतीय नागरिकों को बल्कि पूरी दुनिया को यह बता दिया कि ऑपरेशन सिंदूर अब आतंकवाद के विरुद्ध भारत की नीति का हिस्सा है। इस ऑपरेशन की शुरुआत 7 मई को तड़के हुई थी और इसके तहत पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में आतंकी अधोसंरचना को निशाना बनाया गया। इस ऑपरेशन ने आतंकवाद के विरुद्ध भारत की प्रतिक्रिया को लेकर एक नया मानक सामने रखा और यह तय किया कि आगे चलकर यही सामान्य रवैया होगा। इस नीति के तीन अहम तत्त्व हैं।



चेतन गन्धे
9893157809
सम्पादक

पहला, भारतीय धरती पर हुए किसी भी आतंकी हमले का भारत माकूल जवाब देगा। भारत ऐसी सभी जगहों पर कार्रवाई करेगा जहां आतंकवाद की जड़ें होंगी। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद अपनी कार्रवाई में भारतीय सशस्त्र बलों ने यही किया। भारतीय सैन्य बलों ने पाकिस्तान और पीओजेके के दूरवर्ती इलाकों में स्थित आतंकवादी अधोसंरचनाओं को सटीक ढंग से निशाना बनाया और भारी क्षति पहुंचाई। माना जा रहा है कि इस ऑपरेशन में करीब 100 आतंकी मारे गए। दूसरा, भारत परमाणु हमले के ब्लैकमेल से नहीं डरेगा। पाकिस्तान पारंपरिक युद्ध क्षमताओं में भारत से काफी पीछे है और उसने बार-बार यह दोहराया है कि वह भारत के कदमों के खिलाफ परमाणु हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है। पाकिस्तान के परमाणु हथियार समूचे विश्व समुदाय के लिए चिंता का विषय रहे हैं। अनिश्चितता और अस्थिर राजनीति के साथ राज्य और आतंकवाद के गठजोड़ को देखते हुए यह जोखिम तो हमेशा है कि ऐसे हथियार गलत हाथों में चले जाएंगे और इसका परिणाम पूरी दुनिया को भुगतना होगा। तीसरा, भारत राज्य प्रायोजित आतंकवाद और आतंकवाद के वास्तविक मास्टरमाइंड के बीच में भेद नहीं करेगा। हालांकि न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया को यह पता है कि पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह देता है और यह उसकी आधिकारिक नीति है। गत सप्ताह इसका खुलकर प्रदर्शन हुआ जिसे सबने देखा। ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए आतंकवादियों के जनाजे में पाकिस्तानी सेना के वरिष्ठ अधिकारी वर्दी में शामिल हुए। ऐसे में आतंकवादियों और एक मुल्क के रूप में पाकिस्तान में अंतर करने की कोई वजह नहीं है।

मोदी ने नीति के तीन मुख्य उद्देश्यों का जिक्र करने के अलावा कई अन्य संबद्ध पहलुओं पर भी बात की जिनका यहां जिक्र करना लाजिमी है। उन्होंने इस विषय में भी बात की कि कैसे भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तानी सेना के उकसावे का प्रभावी जवाब दिया। भारतीय सैन्य बलों ने पाकिस्तानी रक्षा अधोसंरचना को भारी नुकसान पहुंचाया। खासतौर पर भारतीय वायु सेना ने। ऑपरेशन ने यह भी दिखाया कि भारत की हवाई रक्षा क्षमताएं कितनी मजबूत हैं और वह चाहे तो पाकिस्तान में बहुत भीतर तक जाकर वार कर सकता है।

# 7 फेरे और 9 वचन लेंगे दूल्हा-दुल्हन

## 15 जोड़ों का होगा सनातनी रस्मों से विवाह, विधायक करेंगे कन्यादान




◆इंदौर, सोने की कलम। शहर में हिंदू समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 17 मई को होगा। 15 जोड़ों का सनातनी रस्मों से विवाह होगा। विवाह सम्मेलन विधायक गोलू शुक्ला द्वारा कराया जा रहा है। जिसका पूरा खर्च भी वही उठाएंगे। सम्मेलन में दूल्हा-दुल्हन सात फेरे और 9 वचन लेंगे।

विधायक गोलू शुक्ला ने गुरुवार को सम्मेलन को लेकर चर्चा करते हुए कहा कि हमने तय किया था कि मेरे जन्मदिन पर जो होर्डिंग-पोस्टर लगते हैं, वह नहीं लगाते हुए कन्याओं का विवाह किया जाएगा। वो राशि जो होर्डिंग-पोस्टर पर लगती थी निर्धन कन्याओं के विवाह पर खर्च की जाएगी। हमने जो संकल्प लिया था 17 मई को उसे पूरा करने जा रहे हैं। हम सामूहिक विवाह धूमधाम से करने जा रहे हैं। 17 मई को सुबह 9.30 बजे संजय सेतु से एक चल समारोह निकाला जाएगा। जिसमें दूल्हे घोड़ी पर और दुल्हन बग्घियों में रहेंगी। सभी बाराती चल समारोह में शामिल होकर चिमनबाग मैदान आएंगे। 11.30 बजे से सनातन पद्धति से सभी के विवाह होंगे। हिंदू रीति-रिवाज से विवाह संपन्न होंगे।

उन्होंने बताया कि विवाह में सात वचन होते हैं इसमें हमने दो वचन और जुड़वाए हैं। इसमें एक वचन है हमारा शहर स्वच्छ रहे, स्वस्थ रहे और हरा भरा रहे। दूसरा वचन सैनिकों के सम्मान में लिया जाएगा। 15 जोड़ों का विवाह यहां पर संपन्न होगा। सनातन हिन्दू समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजन समिति के दीपेंद्र सिंह सोलंकी और आयुष कचोलिया ने बताया कि विवाह सम्मेलन में सनातन परंपराओं के तहत विवाह की रस्में पूरे रीति रिवाज से 21 ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराई जाएंगी। 15 जोड़ों ने विवाह के लिए रजिस्ट्रेशन करा लिए हैं। प्रत्येक मंडप में एक ब्राह्मण उपस्थिति होकर विवाह सम्पन्न करवाएंगे।

### भगवान के विवाह के चित्रों से सजेगा पंडाल

इस विवाह समारोह में सनातन का भाव लाने के लिए एवं सनातन परंपराओं से युवाओं को जोड़ने के उद्देश्य से पंडाल को विभिन्न भगवान के विवाह के चित्रों से सजाया जाएगा। शिव पार्वती जी विवाह, राम जानकी जी विवाह, लक्ष्मी - नारायण विवाह, शालीग्राम - तुलसी विवाह के आकर्षक चित्र पंडाल में लगाए जाएंगे। सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, शैक्षणिक, व्यापारिक एवं विभिन्न स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा चल समारोह का स्वागत किया जाएगा साथ ही कन्यादान भी किया जाएगा।

### सनातनी नामों से होंगे पंडाल

सम्मेलन के लिए चिमनबाग में बनाए गए पंडालों को 3 भागों में बांटा गया है। विवाह पंडाल, भोजन पंडाल और अतिथि पंडाल बनाए गए हैं, जिन्हें सनातनी नाम दिए गए हैं। विवाह पंडाल को शिव पार्वती विवाह पंडाल, भोजन पंडाल को मां अन्नपूर्णा पंडाल और अतिथि पंडाल को अतिथि देवों भव की तर्ज पर समस्त देवगण (अतिथि) पंडाल नाम दिए गए है। जल व्यवस्था को मां नर्मदा पेयजल नाम दिया गया है।

# महू में कर्नल सोफिया कुरैशी पर अपमानजनक टिप्पणी का विरोध

## मंत्री विजय शाह की बर्खास्तगी की मांग को लेकर कांग्रेस न दिया धरना



**◆महू, सोने की कलम। महू में कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन किया। कोतवाली चौराहा स्थित गांधी प्रतिमा के पास आयोजित धरने में कार्यकर्ताओं ने मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह की बर्खास्तगी की मांग की।**

मनावर के विधायक डॉ. हीरालाल अलावा ने कहा कि जब 140 करोड़ देशवासी पाकिस्तान के विरोध में एकजुट हैं, ऐसे समय में मंत्री विजय शाह का बयान शर्मनाक है। उन्होंने भाजपा को नकली राष्ट्रवादी बताते हुए कहा कि अगर पार्टी वास्तव में राष्ट्रवादी होती, तो विजय शाह को न केवल मंत्री पद से हटाया जाता बल्कि पार्टी से भी निकाल दिया जाता।धरने में कैलाश दत्त पांडे, मुजीब कुरैशी, राधेश्याम मुवेल, हेमंत पाल, विष्णु मालवीय, शक्ति सिंह गोयल और बैकुंठ पटेल सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट दिनेश पंचोली ने किया। ज्ञापन का वाचन बैकुंठ पटेल ने किया और आभार प्रवीण पाटिल ने व्यक्त किया।

## शिक्षकों की समस्या के निराकरण के लिये 19 मई से लगेंगे शिविर

इन्दौर। स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश में ग्रीष्मकालीन अवकाश की समाप्ति तक की अवधि में संभाग और जिला स्तर पर समस्याओं के निराकरण के लिये 19 मई से शिविर लगाने का फैसला किया है। शिविर में किये जाने वाले कार्यों के संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने संभागीय संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश जारी किये हैं।

# वनों के संरक्षण, संवर्धन, संचालन एवं संधारण के कार्य में वन समितियों की अहम भूमिका

**इन्दौर। राज्य शासन के दिशा-निर्देशानुसार वन अधिकार अधिनियम 2006 के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए इंदौर में आज से सामुदायिक वन अधिकारों, वन संसाधनों के संरक्षण एवं प्रबंधन पर दो दिवसीय संभाग स्तरीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला के पहले दिन अशासकीय सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। वहीं दूसरे दिन 16 मई को सुबह 10 बजे से शासकीय अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें इंदौर एवं उज्जैन संभाग के कलेक्टर्स, वन मंडलाधिकारी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग शामिल होंगे।**

आज कार्यशाला का शुभारंभ जनजातीय कार्य विभाग के प्रमुख सचिव श्री गुलशन बामरा तथा संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की विशेष उपस्थिति में किया गया। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए प्रमुख सचिव श्री बामरा ने कार्यशाला के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने वन अधिकार अधिनियम के संबंध में भी विस्तार से बताया। उन्होंने राज्य शासन द्वारा वन अधिकार अधिनियम के तहत सामुदायिक अधिकारों को प्रदत्त करने के संबंध में की जा रही कार्रवाई के बारे में भी जानकारी दी।

संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए कहा कि अब वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सामुदायिक अधिकारों,



विशेषकर वनों के संरक्षण एवं प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सामुदायिक वन अधिकारों में आधारभूत संरचनाएं जैसे सड़क, पुल, अस्पताल, स्कूल एवं धार्मिक स्थल शामिल हैं। वनों के संरक्षण, संवर्धन, संचालन एवं संधारण का कार्य अब वन समितियों के माध्यम से किया जाएगा और उन्हें इस हेतु कानूनी अधिकार भी प्रदान किए गए हैं। श्री सिंह ने बताया कि कार्यशाला के माध्यम से एक विस्तृत कार्य योजना तैयार की जा रही है, जिसमें यह स्पष्ट किया जाएगा कि वन समितियों को किन गतिविधियों की अनुमति होगी और किन पर प्रतिबंध रहेगा।

कार्यशाला के पहले दिन विशेषज्ञों श्री मोहित महाजन, डॉ. शरद लेले और श्री अश्विन कांगे ने प्रतिभागियों को विभिन्न विषयों पर जानकारी प्रदान की। इनमें वन अधिकार अधिनियम की पृष्ठभूमि, सामुदायिक वन अधिकारों के प्रकार, संरक्षण एवं प्रबंधन के अधिकार, दावा प्रक्रिया, नक्शे का उपयोग, मार्गदर्शिका के अनुसार प्रक्रिया, जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की भूमिका, ग्रामों की विशेष समस्याओं के समाधान जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल थे। कार्यशाला के प्रारंभ में संभागीय उपायुक्त श्री ब्रजेश पांडे ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। आज इंदौर और उज्जैन संभाग के मुख्य वन संरक्षक, संयुक्त आयुक्त विकास, संभागीय उपायुक्त, भोपाल के संयुक्त आयुक्त जनजातीय कार्य श्री के.के. पबिया सहित अन्य जिलों के अधिकारी एवं जिला स्तरीय वन अधिकार समिति के अशासकीय सदस्य मौजूद थे। यह कार्यशाला वनों के सतत् संरक्षण तथा जनजातीय समुदायों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# इंदौर मेट्रो : 20 मई को मोदी दिखाएंगे हरी झंडी

## कॉमर्शियल रन से पहले यात्रियों को मिलेगी फ्री राइड, हर 30 मिनट में चलेगी मेट्रो



◆इंदौर, सोने की कलम।

इंदौर। इंदौर मेट्रो को प्रायोरिटी कॉरिडोर पर चलाने के लिए एमपी मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। इंदौर में मेट्रो के कॉमर्शियल रन की तारीख अभी तय नहीं हुई है, लेकिन यह तय हो गया है कि पीएम मोदी इंदौर मेट्रो को हरी झंडी दिखाएंगे।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मेट्रो को पीएम मोदी 20 मई को वर्चुअल रूप से शामिल होकर हरी झंडी दिखा सकते हैं। हालांकि, इस मामले में अभी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन और सरकार की तरफ से आधिकारिक रूप से बयान सामने नहीं आया है।

बता दें कि सी एमआरएस (कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेलवे सेफ्टी) की टीम ने पिछले दिनों ही इंदौर मेट्रो को हरी झंडी दिखाते हुए अपनी ओके रिपोर्ट दे दी थी। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन से मिली जानकारी के अनुसार इंदौर मेट्रो प्रायोरिटी कॉरिडोर पर गांधी नगर से स्टेशन नंबर 3 तक चलेगी। इस दौरान मेट्रो दोनों तरफ़ से 25-25 फेरे लगाएगी, यानी की मेट्रो दोनों तरफ के मिलाकर कुल 50 फेरे लगाएगी। इंदौर मेट्रो दोनों तरफ से एक साथ चलना शुरू होगी यानी गांधी नगर स्टेशन और सुपर कॉरिडोर स्टेशन नंबर 3 से एक साथ चलेगी।

इंदौर मेट्रो दोनों स्टेशन से सुबह 8 बजे से चलना शुरू होगी और आखिरी फेरा रात 8 बजे लगाएगी। मेट्रो के कॉमर्शियल रन के दौरान हर 30 मिनट के अंतराल पर एक मेट्रो कोच सेट का संचालन किया जाएगा। यात्रियों की संख्या के आधार पर इस समय को बढ़ाया या घटाया जा सकेगा।

### 20 रुपए रहेगा किराया

मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने इंदौर मेट्रो का किराया 5 जोन में बांटा है। इस 5 जोन के तहत इंदौर मेट्रो के 28 स्टेशन आएंगे। न्यूनतम किराया 20 रुपए रहेगा। जबकि अधिकतम किराया 80 रुपए रखा गया है। वहीं, शुरुआती प्रायोरिटी कॉरिडोर की बात करें तो इसका न्यूनतम किराया 20 रुपए और अधिकतम किराया 30 रुपए रहेगा।

### कॉमर्शियल रन में सिर्फ 2 से 5 मिनट लगेंगे

इंदौर में यलो लाइन का प्रायोरिटी रूट कुल 5.9 किमी का है। इसमें 5 स्टेशन रहेंगे। कॉमर्शियल रन के दौरान हर स्टेशन पर मेट्रो सिर्फ 2 से 5 मिनट के अंदर पहुंचेगी। अभी पांच स्टेशन मेट्रो डिपो से लेकर सुपर कॉरिडोर स्टेशन नंबर 3 के आगे तक टेस्टिंग हो रही है, जो दिन और रात दोनों समय की जा रही है। बताया जा रहा है कि कॉमर्शियल रन के दौरान जब इस रूट पर मेट्रो चलेगी तो वह हर 2 से 5 मिनट में एक स्टेशन पर पहुंच जाएगी।

### 24-25 मार्च को किया था फाइनल निरीक्षण

सीएमआरएस ने 24-25 मार्च को ही मेट्रो का तीसरा और अंतिम निरीक्षण किया था। फिलहाल सुपर कॉरिडोर पर गांधी नगर से टीसीएस चौराहा तक 6 किमी हिस्से में मेट्रो दौड़ेगी। सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर गांधीनगर स्टेशन, सुपर कॉरिडोर स्टेशन नंबर 3, 4, 5 और 6 कुल पांच स्टेशन आएंगे। इनमें इलेक्ट्रिकल सेक्शन, प्लेटफॉर्म, लिफ्ट, एस्केलेटर सहित सभी सुविधाएं जुटाई जा चुकी हैं। ट्रेन को न्यूनतम व अधिकतम गति से चलाकर देखा जा चुका है।

# प्री-मानसून में ही हो गई 5 इंच बारिश



◆इंदौर, सोने की कलम।

इंदौर में इस बार मई माह का मौसम काफी बदला हुआ है। बुधवार शाम फिर घने बादल छाए और कई हिस्सों में बारिश हुई। हालांकि यह 2 मिमी ही रिकॉर्ड की गई, लेकिन अब तक मई में करीब 5 इंच बारिश हो चुकी है। इसके चलते गर्मी से तात्कालिक राहत रही, लेकिन अब फिर उमस होने लगी है। मौसम वैज्ञानिकों ने अगले तीन दिन इंदौर और आसपास के क्षेत्रों में तेज आंधी के साथ बारिश के आसार जताए हैं।

बुधवार को दिन में भी काफी उमस थी। इस दौरान तापमान 36.8 (-3) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। फिर शाम को मौसम बदला और कई क्षेत्रों में तेज तो कहीं हल्की बारिश होती रही। इस क्रम करीब दो घंटे चला। फिर मौसम साफ हो गया। गुरुवार सुबह से धूप और बादलों का दौर चल रहा है। इसके साथ ही लोग उमस से हलाकान हैं।

## अफसरों ने देर रात फोन कर तैयारी रुकवाई

# रीजनल ग्रोथ समिट स्थगित, अब 15 दिन बाद होगा आयोजन

**इंदौर। 16 मई को ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होने वाली रीजनल ग्रोथ समिट आगामी सूचना तक के लिए स्थगित कर दी गई है। आईडीए सीईओ ने बताया कि यह समिट अब बाद में होगी। बीती रात को जब ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में तैयारी चल रही थी, तभी प्रशासनिक अफसरों ने फोन पर सूचना देकर काम रुकवाया।**

बताया गया है की अब समिट 15 दिनों बाद होंगी। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रमुख सचिव संजय शुक्ला ने भी कानक्लेव को स्थगित करने के निर्णय की पुष्टि करते हुए बताया कि अब इसे और भी बेहतर तरीके से आयोजित किया जाएगा



और बड़े शहरों के रियल एस्टेट से जुड़े बिल्डरों-डेवलपरों को आमंत्रित किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के लिए 16 मई को ब्रिलियंट कन्वेशन सेंटर में रीजनल ग्रोथ समिट का आयोजन होने वाला था। समिट में इंदौर सहित ग्वालियर, देवास, भोपाल, उज्जैन, मंदसौर, जबलपुर, नीमच आदि शहरों के प्रतिभागी शामिल होने वाले थे। समिट में मुख्यमंत्री डॉ. यादव समिट में वन-टू-वन चर्चा करने वाले थे। समिट में आईडीए, मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड, क्रेडाई, एमपीआईडीसी, नगर निगम, स्मार्ट सिटी, होटल एसोसिएशन आदि की प्रदर्शनी और स्टॉल भी लगाने की तैयारी की जा रही थी। बताया जा रहा है कि अचानक इंदौर मेट्रो के लोकार्पण का कार्यक्रम भी तय हो गया, जिसमें अब 20 मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इंदौर मेट्रो का वर्चुअली शुभारंभ करेंगे। अब उसकी भी तैयारी स्थानीय प्रशासन से लेकर शासन को करना पड़ेगी, क्योंकि मुख्यमंत्री भी इस अवसर पर मौजूद रहेंगे। 20 मई को ही राजवाड़ा में केबिनेट मीटिंग का आयोजन किया गया है, जिसमें पूरा मोहन सरकार का मंत्रिमंडल तो मौजूद रहेगा ही, वहीं मुख्य सचिव से लेकर सारे भोपाल के आला अधिकारी भी इंदौर आएंगे। लगभग 6 किलोमीटर का जो मेट्रो का प्रायोरिटी कॉरिडोर गांधी नगर स्टेशन से लेकर टीसीएस के स्टेशन 3 तक तैयार किया गया है उस पर मेट्रो का व्यवसायिक संचालन शुरू किया जाना है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक चेतन गन्धे के लिए चेतन ग्राफिक्स, 135, नगर निगम मार्केट, सुभाष मार्ग, वीआईपी स्टेशनरी के सामने, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं 109, बाणगंगा मेनरोड़, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक: चेतन गन्धे, मो. : 9893157809 Email : sonekikalam@gmail.com (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।)